# राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केन्द्र, म. प्र. राज्य केंद्र  में हिन्दी पखवाड़ा का आयोजन

विगत वर्षों के अनुसार इस वर्ष भी मध्य प्रदेश राज्य में स्थित राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केन्द्र व जिला केन्द्रों में दिनांक 14 से 28 सितंबर 2023 तक हिन्दी पखवाड़े का आयोजन किया गया । राज्य सूचना विज्ञान अधिकारी श्री विजय कुमार विश्वकर्मा के मार्गदर्शन में हिन्दी पखवाड़े के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई तथा प्रत्येक प्रतियोगिता के समन्वयन हेतु अधिकारियों को दायित्व सौंपा गया । राजभाषा पखवाड़ा हिंदी से सम्बंधित गतिविधियों के माध्यम से राजभाषा के प्रयोग , प्रचार, और विकास को प्रोत्साहित करने हेतु केन्द्रित था | इस अवधि में विभिन्न तिथियों पर निम्नलिखित चार प्रतियोगिताएं आयोजित की गई -

| क्रमांक | दिनांक एवं समय | प्रतियोगिता का नाम | समन्वयक अधिकारी |
|---|---|---|---|
| 1. | 14/09/2023<br>दोपहर 4.00 से 6.00 | चित्र आधारित भाव संप्रेषण (कहानी/निबंध/कविता/ जो कुछ भी आप लिखना चाहें ) | श्री दिलीप दधीच, अतिरिक्त राज्य सूचना-विज्ञान अधिकारी |
| 2. | 20/09/2023<br>दोपहर 4.00 से 5.00 | हिन्दी निबंध (तात्कालिक) | श्री मयंक नागर, अतिरिक्त राज्य सूचना-विज्ञान अधिकारी |
| 3. | 22/09/2023<br>दोपहर 4.00 से 5.00 | हिन्दी अनुवाद | श्री कमलेश जोशी, अतिरिक्त राज्य सूचना-विज्ञान अधिकारी |
| 4. | 26/09/2023<br>दोपहर 4.00 से 6.00 | हिन्दी भाषण (तात्कालिक) | श्री संजय हर्डीकर, अतिरिक्त राज्य सूचना-विज्ञान अधिकारी |

प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए आयोजन समिति एवं समन्वयक अधिकारियों द्वारा सभी को अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने के लिए प्रेरित किया गया ।

उपरोक्त प्रतियोगिताओं में म. प्र. राज्य केंद्र के अधिकारीयों/कर्मचारियों के अलावा समस्त जिला केंद्रों व सभी उपकेन्द्रों के अधिकारियों / कर्मचारियों ने पूरे उत्साह के साथ बड़ी संख्या में भाग लिया । जिला केंद्र व सभी उपकेन्द्रों के अधिकारियों / कर्मचारियों ने प्रतियोगिताओं में वीडिओ कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भाग लिया ।

दिनांक 03/10/2023 को दोपहर 4 से 6 बजे तक समापन समारोह का आयोजन किया गया समापन समारोह में म. प्र. राज्य केंद्र के अधिकारीयों / कर्मचारियों के अलावा समस्त जिला केंद्र व सभी उपकेन्द्रों के अधिकारी / कर्मचारी वीडिओ कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए ।

इस भव्य आयोजन का शुभारम्भ श्रीमती सरस्वती परमार एवं श्रीमती विभा कुरेले, द्वारा सरस्वती वंदना से किया गया ।

श्री अरविन्द सोले, राजभाषा अधिकारी द्वारा स्वागत भाषण एवं हिंदी पखवाड़े में आयोजित हुए कार्यक्रम कि विस्तृत जानकारी दी एवं हिंदी दिवस के महत्व को बताया |

समापन समारोह के प्रारंभ में विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष एवं राज्य सूचना विज्ञान अधिकारी श्री विजय कुमार विश्वकर्मा द्वारा अपने ओजस्वी संबोधन में राजभाषा के अधिकाधिक उपयोग करने का आग्रह किया तथा सम्पूर्ण कार्यालयीन कार्य को हिन्दी में करने तथा हिन्दी के लिए प्रेरक माहौल बनाने में अपना योगदान देने हेतु आग्रह किया गया ।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि के रूप प्रो. खेम सिंह डहेरिया, कुलपति, अटल बिहारी हिन्दी विश्वविद्यालय भोपाल एवं भारत सरकार राजभाषा विभाग गृह मंत्रालय नई दिल्ली के हिंदी सलाहकार समिति के सदस्य ने अपने संबोधन में बतलाया कि भारत सरकार द्वारा राजभाषा हिंदी को बढ़ावा देने हेतु न केवल देश में बल्कि विश्व स्तर पर हिंदी का उपयोग किया जा रहा है। भारत को वैश्विक स्तर पर शैक्षणिक रूप से महाशक्ति बनाने का प्रयास किया जा रहा है। नई शिक्षा नीति 2020 के तहत मेडिकल एवं इंजीनियरिंग कि हिन्दी में पुस्तकें तैयार कि जा रही हैं जिससे कि राजभाषा हिन्दी में भी छात्र अध्ययन कर सकेंगे । कुलपति प्रो. खेम सिंह डहेरिया द्वारा राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केन्द्र, म. प्र. राज्य इकाई द्वारा अधिकांशतः कार्यालयीन कार्य हिंदी में करने पर प्रसन्नता व्यक्त की।

मुख्य अतिथि प्रो. खेम सिंह डहेरिया, कुलपति, अटल बिहारी हिन्दी विश्वविद्यालय भोपाल एवं राज्य सूचना विज्ञान अधिकारी श्री विजय कुमार विश्वकर्मा महोदय द्वारा हिंदी पखवाड़े के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया और उन्हे प्रमाण पत्र प्रदान किए गए ।

राजभाषा समिति के सदस्य श्री जितेन्द्र कुमार पाराशर, द्वारा समापन कार्यक्रम का संचालन किया तथा इस अवसर पर प्रेरणादाई वक्तव्य एवं कविता के माध्यम से सभी का उत्साहवर्धन किया|

अंत में श्री संजय हर्डीकर, अतिरिक्त राज्य सूचना-विज्ञान अधिकारी द्वारा मुख्य अतिथि के प्रो. खेम सिंह डहेरिया, कुलपति, अटल बिहारी हिन्दी विश्वविद्यालय भोपाल तथा हिन्दी पखवाड़े के आयोजन में मार्गदर्शन एवं पूर्ण सहयोग प्रदान करने हेतु राज्य सूचना विज्ञान अधिकारी महोदय का आभार प्रकट किया साथ ही इस आयोजन को सफल बनाने हेतु सभी प्रतिभागियों का विशेष रूप से आभार प्रकट किया।

आभार प्रदर्शन के उपरांत कार्यक्रम समाप्त हुआ ।

**हिन्दी पखवाड़े आयोजन समिति**

1. श्री अरविन्द सोले, वरिष्ठ निदेशक (आई.टी.) एवं राजभाषा अधिकारी
2. श्री संतोष शुक्ला, वरिष्ठ निदेशक (आई.टी.)
3. श्री अजय त्रिपाठी, निदेशक (आई.टी.)
4. श्री संजय गर्ग, निदेशक (आई.टी.)
5. श्री जितेंद्र कुमार पाराशर, संयुक्त संचालक (आई.टी.)
6. श्रीमती सरस्वती परमार, उप संचालक (आई.टी.)

## हिन्दी पखवाड़ा - 2023 प्रतियोगिता परिणाम

### चित्र आधारित भाव संप्रेषण

| | | |
|---|---|---|
| 1 | श्री विनोद कुमार तिवारी | प्रथम |
| 2 | श्रीमती मधु मिश्रा | द्वितीय |
| 3 | श्री प्रशांत कुमार सोनी | तृतीय |
| 4 | श्री धर्मेंद्र कुमार शर्मा | प्रोत्साहन |
| 5 | श्री कपिल पाटीदार | प्रोत्साहन |
| 6 | श्री आशीष शुक्ला | प्रोत्साहन |
| 7 | श्री डेलन प्रजापति | प्रोत्साहन |
| 8 | सुश्री अंजली त्रिपाठी | प्रोत्साहन |
| 9 | श्री इशहाक अहमद | प्रोत्साहन |

### हिन्दी निबंध (तात्कालिक)

| | | |
|---|---|---|
| 1 | श्रीमती सरस्वती परमार | प्रथम |
| 2 | श्री रजत रस्तोगी | द्वितीय |
| 3 | श्री विनोद कुमार तिवारी | तृतीय |
| 4 | श्री जितेंद्र कुमार पाराशर | प्रोत्साहन |
| 5 | सुश्री सुचिता श्रीवास्तव | प्रोत्साहन |
| 6 | श्री राकेश कुमार पटेल | प्रोत्साहन |
| 7 | सुश्री दीप्ति यादव | प्रोत्साहन |
| 8 | श्री नितिन गुप्ता | प्रोत्साहन |
| 9 | श्री सौरभ कुमार साहू | प्रोत्साहन |

### हिन्दी अनुवाद

| | | |
|---|---|---|
| 1 | श्री विनोद कुमार तिवारी | प्रथम |
| 2 | श्री रजत रस्तोगी | द्वितीय |
| 3 | श्री प्रफुल श्रीवास्तव | तृतीय |
| 4 | श्री आशीष शुक्ला | प्रोत्साहन |
| 5 | श्री कपिल पाटीदार | प्रोत्साहन |
| 6 | श्री नितिन गुप्ता | प्रोत्साहन |
| 7 | श्री डेलन प्रजापति | प्रोत्साहन |
| 8 | श्री सौरभ कुमार साहू | प्रोत्साहन |
| 9 | सुश्री अंजली त्रिपाठी | प्रोत्साहन |

### हिन्दी भाषण (तात्कालिक)

| | | |
|---|---|---|
| 1 | श्री राकेश जैन | प्रथम |
| 2 | श्रीमती सरस्वती परमार | द्वितीय |
| 3 | श्रीमती मधु मिश्रा | तृतीय |
| 4 | श्री विनोद कुमार तिवारी | प्रोत्साहन |
| 5 | श्रीमति आरज़ू परिहार | प्रोत्साहन |
| 6 | श्री नितिन गुप्ता | प्रोत्साहन |
| 7 | श्री डेलन प्रजापति | प्रोत्साहन |
| 8 | श्री आशीष शुक्ला | प्रोत्साहन |
| 9 | श्री रजत रस्तोगी | प्रोत्साहन |

## हिन्दी पखवाड़े की गतिविधियों की चित्रमय झांकी - प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागी






## मुख्य अतिथि के  रूप  प्रो. खेम सिंह डहेरिया महोदय का सम्बोधन




## राज्य सूचना विज्ञान अधिकारी श्री विजय कुमार विश्वकर्मा महोदय का सम्बोधन



समापन समारोह व पुरस्कार वितरण







